को एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में या एक विभाग/शाखा से दूसरे विभाग/शाखा में स्थानांतरण की शर्त रखी गई है ।

(ख) इन नियमों का अनुपालन स्टोर के कार्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये किया जा रहा है ।

(ग) सुपर बाजार ने सूचित किया है कि महाप्रबंधक के कार्यालय में प्राप्त हुये सभी आवेदन-पत्रों को निपटाया जा चुका है ।

(घ) और (ङ) सुपर बाजार ने सूचित किया है कि नवीकृत कपड़ा/सिले-सिलाये वस्त्र विभाग के कार्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये महिला बिक्री सहायक का स्थानांतरण किया गया था ।

(च) और (छ) सुपर बाजार ने सूचित किया है सामान्यतः स्थान स्थानांतरण कर्मचारी द्वारा दिये गये नवीनतम आवासीय पते को ध्यान में रखते हुये किए जाते हैं और ऐसा करते समय इस बात पर यथोचित ध्यान दिया जाता है कि आने-जाने की दूरी ज्यादा अधिक न हो । तथापि, दंडात्मक मामलों में इसका अनुसरण नहीं किया जाता है ।

सुपर बाजार के अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप

695. **श्री दिलीप सिंह जूदेव :** क्या नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली स्थित सुपर बाजार के उपमहाप्रबंधक (प्रशासन), सहायक प्रबंधक (कार्मिक) और सहायक प्रबंधक (क्रय) के खिलाफ भ्रष्टाचार के अनेक आरोप सिद्ध हुये हैं ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार ने इन अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने के लिये कोई जांच समिति गठित की है ;

(घ) यदि हां, तो समिति की जांच निष्कर्षों का ब्यौरा क्या है ;

(ङ) क्या दोषी अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्यवाही की गई है और क्या सरकार द्वारा उनका स्थानांतरण किया गया है ;

(च) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(छ) जांच समिति की रिपोर्ट की केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो और केन्द्रीय सतर्कता आयोग को सौंपने के लिये क्या कदम उठाये गये हैं ?

नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री (श्री ए. के. एंटनी) : (क) सुपर बाजार ने सूचित किया है कि उप महाप्रबंधक (प्रशासन) सहायक प्रबंधक (कार्मिक) और सहायक प्रबंधक (क्रय) के विरूद्ध भ्रष्टाचार के कोई आरोप सिद्ध नहीं हुये हैं ।

(ख) से (छ) प्रश्न नहीं उठता है ।

घटाये गये मूल्यों के लाभ खुदरा बाजार को न देना

696. **श्रीमती सुषमा स्वराज :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार द्वारा अनेक सुविधाएं प्रदान करने की घोषणाओं के कारण थोक बाजार में वस्तुओं की कीमतें कम हो जाने के बावजूद उपभोक्ताओं को खुदरा बाजार में वस्तुएं कम कीमत पर नहीं मिलती हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने बाजार की इस प्रवृति पर अंकुश लगाने के लिये राष्ट्रीय स्तर की कोई योजना तैयार की है ; और